कार्यालय, आयुक्त उच्च शिक्षा मध्यप्रदेश
सतपुड़ा भवन, भोपाल 462004

क्रमांक 1475 / 425 / आउशि / अकादमी / 2024, भोपाल दिनांकः 31 / 08 / 2024

प्रति,

1. **कुलसचिव,**
समस्त शासकीय / अशासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश.

2. सचिव,
मध्यप्रदेश निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, भोपाल.

3. **प्राचार्य,**
समस्त शासकीय / अनुदान प्राप्त अशासकीय / अशासकीय महाविद्यालय, मध्यप्रदेश,

विषयः– हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2024 में सहभागिता ।

संदर्भः– फैसिलिटेटर, हार्टफुलनेस, मध्यप्रदेश के पत्र क्रमांक म.प्र. आर.एफ. / 214, दिनांक 27 अगस्त, 2024

–00–

कृपया हार्टफुलनेस, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित निबंध लेखन कार्यक्रम जो श्री रामचंद्र मिशन का प्रमुख कार्यक्रम है तथा इस वर्ष राष्ट्रमंडल की साझेदारी से आयोजित किया जा रहा है । उक्त निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की अधिकाधिक भागीदारी सुनिश्चित किए जाने हेतु व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा कर विद्यार्थियों को प्रोत्साहित एवं मार्गदर्शन प्रदान करें ।

कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत दिशा निर्देश संदर्भित पत्र अनुसार संलग्न प्रेषित किए जा रहे हैं। अधिक जानकारी हेतु श्री गजेन्द्र गौतम, रीजनल फेसिलिटेटर, हार्टफुलनेस, मध्यप्रदेश (मोबाईल नंम्बर 8817578274) essayevent@heartfulness.org तथा gajendra.s@volunteer.heartfulness.org पर संपर्क किया जा सकता है।

कृपया संबंधित संस्था द्वारा उक्त निबंध प्रतियोगिता में सम्मिलित हुए विद्यार्थियों की एकजाई जानकारी संबंधित क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक एवं कुलसचिव के माध्यम से इस कार्यालय के ई मेल पर दिनांक 23 सितम्बर, 2024 को कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा के ई–मेल **academy-he@mp.gov.in** पर प्रेषित की जाना सुनिश्चित करें।

संलग्न :– उपरोक्तानुसार.

'' आयुक्त, उच्च शिक्षा द्वारा अनुमोदित ''

31/8/24

( डॉ. धीरेन्द्र शुक्ल )
विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

पृ. क्रमांक 1476 / 425 / आउशि / शा–5'अ' / 2024 भोपाल दिनांक 31 / 08 / 2024

प्रतिलिपिः–

1. विशेष सहायक, माननीय मंत्री, उच्च शिक्षा, म.प्र., भोपाल।
2. स्टाफ आफीसर, प्रमुख मुख्य सचिव, मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग, मंत्रालय, भोपाल।
3. वरिष्ठ निज सहायक, आयुक्त, उच्च शिक्षा, म.प्र., भोपाल।
4. निज सहायक, समस्त कुलगुरू शासकीय / अशासकीय विश्वविद्यालय, मध्यप्रदेश।
5. समस्त क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश – कृपया सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी
उच्च शिक्षा, मध्यप्रदेश

The Commonwealth

From Wonder, Wisdom
Heartfulness Education Trust

# हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम 2024

## आयोजक

## हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट व श्री रामचंद्र मिशन

## सहयोगी

## राष्ट्रमंडल

श्री रामचंद्र मिशन एक लाभ निरपेक्ष शैक्षिक एवं आध्यात्मिक संस्था है। सन् 1945 में अपनी स्थापना के बाद, पिछले 75 वर्ष से यह संस्था सार्वभौमिक शांति एवं सामंजस्य के लिए ध्यान के माध्यम से हृदय पर आधारित जीवन को प्रोत्साहित करती रही है। यह उन 1600 ग़ैर सरकारी संगठनों में से एक है जो संयुक्त राष्ट्र के जनसूचना विभाग (UNDPI) से सम्बंधित हैं। अखिल भारतीय निबंध लेखन कार्यक्रम लगभग तीन दशकों से श्री रामचंद्र मिशन का प्रमुख कार्यक्रम रहा है और सन् 2005 से यह संयुक्त राष्ट्र जनसूचना केंद्र (भारत एवं भूटान) के साथ भागीदारी में आयोजित किया जा रहा है जिसके तहत भारत में 25000 से अधिक संस्थाओं से संपर्क किया जा चुका है। सन् 2019 से इस कार्यक्रम का नाम बदलकर हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम कर दिया गया है और सन् 2020 में पहली बार यूनेस्को एम.जी.आई.ई.पी. (महात्मा गाँधी इंस्टीट्यूट ऑफ़ एजुकेशन फ़ॉर पीस एंड सस्टेनेबल डेवलपमेंट) के सहयोग से वैश्विक स्तर पर इसका आरंभ किया गया।

इस वर्ष यह कार्यक्रम राष्ट्रमंडल के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। यह इस कार्यक्रम का बत्तीसवाँ क्रमागत वर्ष है।

हार्टफुलनेस एजुकेशन ट्रस्ट (HET) ने युवाओं के लिए कई शैक्षिक कार्यक्रमों को विकसित किया है। इनमें शामिल हैं जूनियर स्कूल के छात्रों के लिए द हार्टफुलनेस वे पाठ्यक्रम जिसका उद्देश्य उनमें सार्वभौमिक मानवीय मूल्यों की समझ एवं स्वीकार्यता लाना (जैसा अंतर्राष्ट्रीय शिक्षा आयोग द्वारा यूनेस्को को इक्कीसवीं सदी के लिए प्रस्तुत रिपोर्ट में अनुशंसित है), संज्ञानात्मक और सहज ज्ञान युक्त क्षमताओं के विकास के लिए ब्राइटर माइंड्स कार्यक्रम, सीनियर स्कूल के छात्रों के लिए जीवन-कौशल विकसित करने का हेल्प (HELP) कार्यक्रम और विश्वविद्यालयों के छात्रों के लिए 'हार्टफुल कैंपस' नामक पहल। शिक्षकों के लिए एक इंस्पायर (INSPIRE) नामक कार्यक्रम भी कई वर्षों से चल रहा है। इन कार्यक्रमों का विवरण **www.heartfulness.org/education** पर उपलब्ध है।

### युवाओं के लिए एक आमंत्रण

युवावस्था असीम संभावनाओं का समय है। यह जीवन की वह अवस्था है जो अवसरों से भरी है जिनका आप लाभ उठा सकते हैं बशर्ते आप इसके लिए तैयार हों और अपने समग्र विकास के लिए दिल से प्रयास करने के इच्छुक हों। जहाँ शिक्षा हमें अपनी शारीरिक एवं बौद्धिक क्षमताओं को उत्कृष्टतम स्तर तक विकसित करने में मदद करती है और एक प्रतिस्पर्धी जगत में कामयाब होने के लिए तैयार करती है, वहाँ हमारे विकास का एक ऐसा पहलू भी है जिसे प्रायः उतना महत्व नहीं दिया जाता जितना देना चाहिए - हमारे आंतरिक अस्तित्व का विकास। शरीर, मन व हृदय के एकसाथ विकास के बिना मनुष्य के रूप में हमारा विकास अधूरा है। इसलिए हमें उत्कृष्टता के साथ-साथ संतुलन प्राप्त करने का भी प्रयास करना चाहिए - मन व हृदय के बीच, बाह्य व आंतरिक के बीच तथा सोच व भावनाओं के बीच संतुलन। हार्टफुलनेस निबंध लेखन कार्यक्रम के माध्यम से हम आप सभी को अपने आंतरिक क्षेत्र में उतरने, हृदय की उस हल्की सी आवाज़ के साथ सामंजस्य स्थापित करने जो कभी भी हमें मार्गदर्शन देने से नहीं चूकती और दिए गए विषय पर अपनी भावनाओं को शब्दों में व्यक्त करने के लिए आमंत्रित करते हैं। इस प्रकार हम प्रारंभिक जीवन काल से ही आपको हृदय से मार्गदर्शन लेने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

**इस कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाता|**
**सभी निबंध हमारी वेबसाइट (hfn.link/essayevent) पर निम्नलिखित निर्देशों के अनुसार अपलोड किए जाने चाहिए| ईमेल व डाक द्वारा प्राप्त निबंधों को मान्यता नहीं दी जाएगी।**

**प्रतिभागियों के लिए श्रेणियाँ एवं विषय -**

श्रेणी 1 [आयु 14-18 वर्ष] शब्द सीमा 500

**श्रेणी 1 का विषय -**
**जब हर चीज़ आपके विरुद्ध जाती हुई लगे तब याद रखें कि विमान हवा के विरुद्ध उड़ान भरता है, उसकी दिशा में नहीं| - हेनरी फ़ोर्ड**

श्रेणी 2 [आयु 19-25 वर्ष] शब्द सीमा 750

**श्रेणी 2 का विषय -**
**अपनी नई वास्तविकता को स्वीकार करना ही दृढ़ता है, भले ही वह आपकी पुरानी वास्तविकता से कम अच्छी हो| - एलिज़ाबेथ एडवर्ड्स**

**निबंध लेखन के लिए अधिकृत भाषाएँ**

**आप अपना निबंध निम्नलिखित में से किसी एक भाषा में लिख सकते हैं -**

हिंदी, असमिया, अंग्रेज़ी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु

**भाग लेने के लिए दिशा-निर्देश**
कार्यक्रम में भाग लेने के लिए कृपया नीचे दिए गए दिशानिर्देशों का पालन करें :

**क) संस्थागत प्रतिभागिता (संस्थाओं द्वारा निबंध जमा करना)**
आयोजन में भाग लेने के इच्छुक सभी संस्थानों को अपने संस्थान का विवरण हमारी वेबसाइट **(hfn.link/essayevent)** पर **पंजीकृत** करना होगा।

- हमारी वेबसाइट पर पंजीकृत होने के बाद, पंजीकरण विवरण और छात्रों को निबंध जमा करने के लिए एक लिंक पंजीकृत ईमेल आईडी पर भेजा जाएगा।
- निबंध जमा करने के लिए छात्रों को वह लिंक दिया जाए ताकि वे अपना निबंध अपलोड कर सकें।
- छात्र से अपेक्षा की जाती है कि वह निबंध जमा करने के लिए दिशानिर्देशों का पालन करे। अपनी आयु के अनुसार विषय और भाषा का चयन करें। निबंध को A4 आकार के कागज़ पर लिखें/टाइप करें। 3 एमबी से कम फ़ाइल आकार सुनिश्चित करते हुए निबंध को स्कैन करें।
- छात्र को अपनी संस्था के कार्यक्रम समन्वयक (इवेंट कोऑर्डिनेटर) से निबंध जमा करने का तरीका पूछना होगा|
- अपना विवरण दर्ज करने के बाद निबंध जमा करने के लिए बताए गए लिंक का उपयोग करके स्कैन किए गए दस्तावेज़ को अपलोड करें।
- संस्थान छात्रों द्वारा भौतिक रूप से लिखे गए निबंध एकत्र कर सकता है और **इंस्टीटूशन एडमिन लॉगिन** का उपयोग करके छात्रों की ओर से निबंधों को स्कैन और अपलोड कर सकता है।

- संस्थान हमें essayevent@heartfulness.org पर **लॉगिन क्रेडेंशियल** का अनुरोध करते हुए लिख सकता है। संस्थान को एक लॉगिन क्रेडेंशियल प्रदान किया जाएगा ~~जिससे~~ / जिसके माध्यम से संस्थान के ईमेल आईडी का उपयोग करके सभी निबंध प्रस्तुतियाँ जमा करने/प्रबंधित करने में समन्वयक को मदद मिलेगी।

**ख) निबंध सीधे जमा करना (डायरेक्ट सबमिशन)**

14 - 25 वर्ष की आयु के सभी युवा जिन्होंने किसी भी संस्थान में दाखिला नहीं लिया है, वे भी इस कार्यक्रम में सीधे भाग ले सकते हैं| सीधे भाग लेने का लिंक 30 अगस्त 2024 तक खुला रहेगा।

**निबंध जमा करने के दिशा-निर्देश -**

क) प्रतिभागी अपनी श्रेणी के लिए निर्दिष्ट निबंध लिखने के लिए 11 वैकल्पिक भाषाओं में से किसी एक का चयन कर सकते हैं ।

ख) सभी प्रविष्टियाँ ए4 साइज शीट पर होनी चाहिए। निबंध काली या नीली स्याही से हस्तलिखित हो सकता है या कंप्यूटर में प्रत्येक भाषा के लिए निर्धारित लिपि में टाइप किया जा सकता है।

ग) निबंध के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रतिभागी का नाम, पिता का नाम, आयु, संस्था का नाम लिखा होना चाहिए|

घ) **श्रेणी 1(आयु 14-18 वर्ष) के लिए शब्द सीमा 500** है और इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

ङ) **श्रेणी 2 (आयु 19-25 वर्ष) के लिए शब्द सीमा 750** है और इसका कड़ाई से पालन किया जाना चाहिए।

च) कृपया अंतिम परिच्छेद के बाद अपने निबंध की कुल शब्द-संख्या का उल्लेख करें। जमा की गई प्रविष्टियों में कोई अपील, चित्र या प्रचार-वाक्य नहीं होने चाहिए।

**छ)** इस कार्यक्रम का उद्देश्य पूरा करने हेतु, इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए**, निबंध में लेखक के विषय पर निजी अनुभव या विचार व्यक्त होने चाहिए। मौलिकता एवं विषय की प्रासंगिकता का अधिकतम महत्व है|**

**ज)** किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है।

झ) हमारी वेबसाइट पर निबंध की स्कैन की गई प्रति (अधिकतम साइज़ 3MB) अपलोड की जानी चाहिए| लिंक - **hfn.link/essayevent.** ईमेल या डाक द्वारा भेजे गए निबंध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ञ) यदि निबंध संस्थान की ओर से जमा किया जा रहा है तो कृपया जाँच लें कि आपके संस्थान ने पंजीकरण किया है या नहीं| आप हमारी वेबसाइट पर पंजीकृत संस्थाओं के नाम खोज सकते हैं| संस्थान के समन्वयक से निबंध जमा करने का लिंक व तरीका जानें| आप निबंध जमा करने के लिंक का उपयोग करके अथवा अपने संस्थान के समन्वयक को निबंध देकर, जैसा भी संस्थान ने तय किया हो, अपना निबंध जमा कर सकते हैं|

ट) कार्यक्रम में सीधे भाग लेने वाले प्रतिभागी 'डायरेक्ट सबमिशन' के लिंक के खुलने के बाद अपनी स्कैन की हुई प्रतियों को जमा कर सकते हैं।

ठ) निबंध जमा करने की विस्तृत जानकारी हमारी वेबसाइट पर "जमा करने के दिशा-निर्देश" में डाउनलोड करने के लिए उपलब्ध है|

**दोनों श्रेणियों के लिए मूल्यांकन के मानदंड**

प्रतिभागी छात्रों के पास विषय पर शोध करने का विकल्प है क्योंकि यह किसी जगह जाकर तुरंत जमा करने वाली प्रतियोगिता नहीं है। सभी निबंध अनिवार्य रूप से लेखक की **मौलिक कृति** होनी चाहिए और उनमें किसी भी लिए गए सन्दर्भ या उद्धरण की सूचना होनी चाहिए।

सभी जमा की गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन निम्नलिखित मानदंडों के आधार पर प्रत्येक भाषा के लिए एक निर्णायक समिति द्वारा किया जाएगा -

1. विषय परिचय / व्याख्या : महत्व 10%
2. संरचना और प्रवाह : महत्व 10%
3. भाषा : महत्व 10%
4. मौलिकता : महत्व 20%
5. विषय की प्रासंगिकता : महत्व 40%
6. अनुसंधान/विवरणों पर ध्यान : महत्व 5%
7. निष्कर्ष : महत्व 5%

## निबंध कार्यक्रम के लिए पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र

### व्यक्तिगत छात्र प्रतिभागियों के लिए

**प्रथम एवं द्वितीय विजेता -** दोनों श्रेणियों में **12** अधिकृत भाषाओं में से प्रत्येक में प्रथम एवं द्वितीय को एक ट्रॉफ़ी और प्रमाण-पत्र दिया जाएगा।

**स्थान के अनुरूप प्रमाण पत्र - 11** भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में तीसरे से दसवें स्थान पर आनेवाले निबन्धों को स्थान के अनुरूप स्मरणार्थक वस्तु एवं प्रमांण पत्र प्रदान किए जाएँगे।

**योग्यता प्रमाण पत्र - 11** भाषाओं में से प्रत्येक में दोनों श्रेणियों में,चयन के अंतिम दौर के लिए निर्णायक समिति द्वारा चुनी गई सर्वश्रेष्ठ **10%** प्रविष्टियों को, एक ई-मेरिट प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा।

**भागीदारी का प्रमाण पत्र -** दिशानिर्देशों के अनुसार भागीदारी मानदंड का पालन करने वाले सभी प्रतिभागियों को भागीदारी ई-प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएँगे।

कुछ प्रतिभागियों को शीर्ष पुरस्कारों के लिए चयन के अंतिम दौर के रूप में निर्णायक समिति द्वारा टेलीफोन या वीडियो कॉल पर साक्षात्कार के लिए बुलाया जा सकता है। निर्णायक समिति के पास प्रस्तुत निबंधों में से किसी को स्वीकार या अयोग्य घोषित करने का अधिकार होगा और उसका निर्णय अंतिम होगा।

**प्रतिभागी संस्थानों के लिए प्रशंसा प्रमाणन -**
**स्वर्ण प्रशंसा प्रमाणपत्र -** जिन संस्थाओं द्वारा **300** से अधिक निबंध जमा किए गए|
**रजत प्रशंसा प्रमाणपत्र -** जिन संस्थाओं द्वारा **200** से अधिक निबंध जमा किए गए|
**कांस्य प्रशंसा प्रमाणपत्र -** जिन संस्थाओं द्वारा **100** से अधिक निबंध जमा किए गए|

### महत्वपूर्ण तिथियाँ

**संस्थाओं द्वारा** प्रविष्टियों को ऑनलाइन जमा करने का विकल्प खुलने की तिथि - **12 जून,2024**
संस्थाओं द्वारा प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि - **30 अगस्त,2024**

**सीधी प्रविष्टियाँ** जमा करने के लिए लिंक खुलने की तिथि **- 30 अगस्त,2024**
ऑनलाइन सीधी प्रविष्टियाँ जमा करने की अंतिम तिथि – **20 सितंबर,2024**

विजेताओं की घोषणा – **31 दिसंबर 2024**

सूचना पत्रक और फ़्लायर के अंग्रेज़ी संस्करण में प्रदान की गई जानकारी का आशय अन्य सभी अनुवादित संस्करणों पर प्रभावी होगा|

**किसी भी प्रकार के स्पष्टीकरण या मदद के लिए कृपया यहाँ लिखें : essayevent@heartfulness.org**

# निबंध जमा करने के लिए दिशा-निर्देश

## निबंध लिखने के लिए दिशा-निर्देश

1. कृपया अपना निबंध लिखने के लिए 12 वैकल्पिक भाषाओं में से किसी **एक** का चयन करें। यदि आप एक से अधिक भाषाओं में निबंध जमा करते हैं तो आप भाग लेने की पात्रता खो देंगे।
2. भाषाओं के उपलब्ध विकल्प हैं - हिंदी, अंग्रेज़ी, बंगाली, गुजराती, कन्नड़, मलयालम, मराठी, उड़िया, पंजाबी, तमिल, तेलुगु, आसामी
3. सभी प्रविष्टियाँ **ए4 साइज शीट** पर होनी चाहिए। निबंध काली या नीली स्याही से हस्तलिखित हो सकता है या कंप्यूटर में प्रत्येक भाषा के लिए निर्धारित लिपि में टाइप किया जा सकता है।
4. निबंध के प्रत्येक पृष्ठ पर प्रतिभागी का नाम, पिता का नाम, आयु, संस्था का नाम लिखा होना चाहिए।
5. श्रेणी 1 [आयु 14-18 वर्ष] के लिए 500 शब्द सीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

विषय - **जब हर चीज़ आपके विरुद्ध जाती हुई लगे तब याद रखें कि विमान हवा के विरुद्ध उड़ान भरता है, उसकी दिशा में नहीं। - हेनरी फ़ोर्ड**

6. श्रेणी 2 [आयु 19-25 वर्ष] के लिए 750 शब्द सीमा का सख्ती से पालन किया जाना चाहिए।

विषय - **अपनी नई वास्तविकता को स्वीकार करना ही दृढ़ता है, भले ही वह आपकी पुरानी वास्तविकता से कम अच्छी हो। - एलिज़ाबेथ एडवर्ड्स**

7. कृपया अंतिम परिच्छेद के बाद अपने निबंध की कुल शब्द-संख्या का उल्लेख करें।
8. जमा की गई प्रविष्टियों में कोई अपील, चित्र या प्रचार-वाक्य नहीं होने चाहिए।
9. **इस कार्यक्रम के उद्देश्य को पूरा करने के लिए, निबंध में विषय पर लेखक के निजी अनुभव या विचार व्यक्त होने चाहिए। मौलिकता एवं विषय की प्रासंगिकता का अधिकतम महत्व है।**
10. किताबों या इंटरनेट से किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी मान्य नहीं है।
11. अपने निबंध की सॉफ्ट कॉपी को एक ही पीडीएफ़ फ़ाइल के रूप में सेव करें। एक हस्तलिखित निबंध को एक डॉक्यूमेंट के रूप में स्कैन अथवा फोटो के रूप में

सेव करके एक पीडीएफ फ़ाइल बनाई जा सकती है। आप अपने मोबाइल पर डॉक्यूमेंट स्कैन करने वाले किसी भी सॉफ्टवेयर को डाउनलोड कर सकते हैं जैसे 'एडोबी स्कैन', ताकि आप पीडीएफ़ फ़ाइल बना कर सेव कर सकें। फ़ाइल का साइज़ 3 MB से ज़्यादा नहीं होना चाहिए। निबंध की स्कैन की गई प्रति हमारी वेबसाइट पर अपलोड की जानी चाहिए। लिंक - hfn.link/essayevent.


12. ईमेल या डाक द्वारा भेजे गए निबंध को स्वीकार नहीं किया जाएगा।

13. **अपना निबंध जमा करने से पहले सुनिश्चित करें कि आपके इंटरनेट का कनेक्शन अच्छा है। इसके लिए कृपया अच्छे वाई-फाई/ हॉटस्पॉट / लीज्ड लाइन कनेक्शन का उपयोग करें। निबंध जमा करने से पहले सभी दस्तावेज़ों को पुनः जाँच लें।**

14. यदि निबंध संस्थान की ओर से जमा किया जा रहा है तो कृपया जाँच लें कि आपके संस्थान ने पंजीकरण किया है या नहीं। आप हमारी वेबसाइट पर पंजीकृत संस्थाओं के नाम खोज सकते हैं। संस्थान के समन्वयक से निबंध जमा करने का लिंक व तरीका जानें। आप निबंध जमा करने के लिंक का उपयोग करके अथवा अपने संस्थान के समन्वयक को निबंध देकर, जैसा भी संस्थान ने तय किया हो, अपना निबंध जमा कर सकते हैं।

15. आप अपना निबंध केवल तभी सीधे जमा कर सकते हैं यदि आपका संस्थान इस कार्यक्रम में भाग नहीं ले रहा है। कार्यक्रम में सीधे भाग लेने वाले प्रतिभागी 'डायरेक्ट सबमिशन' के लिंक के खुलने के बाद अपनी स्कैन की हुई प्रतियों को जमा कर सकते हैं। ऐसे में आयु प्रमाण पत्र अनिवार्य होगा। अपने किसी भी आयु प्रमाण पत्र को स्कैन करके उसकी सॉफ़्ट कॉपी रखें जिसका अधिकतम साइज़ 1 MB होना चाहिए।

16. **निबंध जमा करने के लिए हमारी वेबसाइट https://hfn.link/essayevent पर जाएँ।**




## 1) पंजीकृत संस्थाओं द्वारा निबंध जमा करना

क) संस्थाओं से अपेक्षा की जाती है कि वे हमारी वेबसाइट पर उपलब्ध "Institution Registration & Essay Submission" टैब का उपयोग करके पंजीकरण करें। हमारी वेबसाइट पर "Institution Registration & Essay Submission" टैब पर क्लिक करें।


(संस्था का पंजीकरण केवल संस्था के प्रबंधक (एडमिन) / समन्वयक (कोऑर्डिनेटर) द्वारा ही किया जाना चाहिए)

ख) अपनी संस्था का विवरण एवं अन्य विवरण जिन्हें * से चिन्हित किया गया है, भरें और फिर 'Search ' टैब पर यह जाँचने के लिए क्लिक करें कि आपकी संस्था ने भाग लेने के लिए पंजीकरण किया है या नहीं।

From Wonder, Wisdom
Heartfulness Education Trust




ग) यह स्थिति जानकारी से मेल खाने वाली पंजीकृत संस्थाओं को प्रदर्शित करेगा।




| Institute Name | Registration No | City | Institute Email | Institute Address | Coordinator Name | Essay submission Link |
|---|---|---|---|---|---|---|
| D A V public school | 35 | Kolkata | vidya.srs@gmail.com | Diamond harbour road | | Essay submission Link |
| Shaw public school | 37 | Kolkata | Vidya.srs@gmail.com | Behala | | Essay submission Link |
| NATIONAL GEMS SCHOOL | 59 | KOLKATA | gomathima@hotmail.com | BEHALA | | Essay submission Link |

घ) संस्था का प्रबंधक / समन्वयक अपनी संस्था का पंजीकरण करने के लिए संस्था को खोजने के बाद स्क्रीन पर "Add NEW INSTITUTE " पर क्लिक करके अपनी संस्था का विवरण भरकर अपनी संस्था को जोड़ सकता है। इससे उनके छात्रं कार्यक्रम में भाग ले पाएँगे।



school

India

State of the institution *

West Bengal

District *

Kolkata

City

Search

Clear

| Registration No | Institute Name | City | Institute Email | Institute Address | Coordinator Name | Essay submission Link |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 35 | D A V public school | Kolkata | vidya.srs@gmail.com | Diamond harbour road | | Essay submission Link |
| 37 | Shaw public school | Kolkata | Vidya.srs@gmail.com | Behala | | Essay submission Link |
| 59 | NATIONAL GEMS SCHOOL | KOLKATA | gomathima@hotmail.com | BEHALA | | Essay submission Link |
| 62 | ST ANDREW PUBLIC SCHOOL | KOLKATA | vidya.srs@gmail.com | MG ROAD JOKA | VIDYA | Essay submission Link |

Add New Institute

ङ) यदि आपकी संस्था भाग लेने के लिए पंजीकृत है तो उसका विवरण प्रदर्शित होगा। छात्र को अपनी संस्था के समन्वयक ( कोऑर्डिनेटर) से निबंध जमा करने का तरीका पूछना होगा।

संस्था इनमें से किसी भी विकल्प को चुन सकती है -

I. संस्था छात्रों को निबंध ऑनलाइन जमा करने के लिए लिंक दे सकती है। हम यह लिंक पंजीकरण के समय पंजीकृत ईमेल पर भेजते हैं।
II. छात्र को अपने निबंध की सॉफ़्ट कॉपी अपलोड करने के लिए अपनी संस्था के नाम के आगे प्रदर्शित लिंक का उपयोग करने के लिए बताया जा सकता है।
III. छात्रों द्वारा हस्तलिखित निबंध एकत्रित करके समन्वयक द्वारा एकसाथ संस्था के लॉगिन क्रेडेंशियल का उपयोग करके निबंध जमा किए जा सकते हैं।

(लॉगिन क्रेडेंशियल प्राप्त करने के लिए प्रबंधक या समन्वयक को हमें essayevent@heartfulness.org पर ईमेल द्वारा अनुरोध करना होगा।)

च) निबंध जमा करने के लिए छात्र / संस्था को संस्था के नाम के आगे निबंध जमा करने के लिंक पर क्लिक करना होगा।

सभी अनिवार्य जगहें ठीक से भरें -

प्रतिभागी का नाम

पिता / माता / अभिभावक का नाम

आयु

प्रतिभागी की आयु के अनुसार प्रतिभागिता क्षेणी अपनेआप चुन ली जाएगी।

लिंग

निबंध की स्कैन की हुई कॉपी को अपलोड करें

सभी घोषणाओं पर सही का निशान लगाएँ

स्क्रीन पर अपलोड किया हुआ निबंध प्रदर्शित होगा। सुनिश्चित करें कि निबंध ठीक से अपलोड हुआ है।

यदि वह ठीक से अपलोड न हुआ हो तो पुनः अपलोड किया जा सकता है।

अपलोड किए गए दस्तावेज़ की पुष्टि करें।

दी गई जानकारी को एक बार फिर जाँच लें और जमा करें।

सफलतापूर्वक निबंध जमा करने के सन्देश के साथ आपका एनरोलमेंट नंबर स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा। ध्यान से एनरोलमेंट नंबर को नोट कर लें।

**2) निबंध को सीधे जमा करना (डॉयरेक्ट सबमिशन)**

क) प्रतिभागी सूचना पत्र में प्रस्तुत सभी जानकारियाँ भरें। जिन जगहों पर * का चिन्ह हैं, उन्हें भरना अनिवार्य है।

ख) अपना ईमेल आई.डी. डालें। आपके द्वारा डाले गए ईमेल आई.डी. को प्रमाणित किया जाना आवश्यक है।


ग) "प्रमाणीकरण कोड भेजें" (Send Verification Code) पर क्लिक करें।

घ) आपके द्वारा डाले गए ईमेल आई.डी. पर एक प्रमाणीकरण कोड भेजा जाएगा।

ङ) भेजे गए प्रमाणीकरण कोड के लिए प्रतिभागी के ईमेल के इनबॉक्स में चेक करें। यदि वहाँ आपको प्रमाणीकरण कोड नहीं मिलता है तो कृपया ईमेल के स्पैम / जंक फोल्डर में चेक कर लें। जब तक आपको कोड न मिल जाए, निबंध जमा करने का पृष्ठ सक्रिय रखें।

च) प्रमाणित करने के लिए दी गई जगह में, आपके ईमेल आई.डी. पर भेजा गया प्रमाणीकरण कोड डालें।

छ) "प्रमाणित करें"(verify) पर क्लिक करें


Language selected for writing essay*

English

Enter the participant email id for verification*

Send Verification Code

Please enter the Verification code sent to the Participant e-mail*

Verify

Upload participants essay*

Browse... No file selected.

Please upload your essay

Supported File Formate [jpg/ pdf]

Upload File Size Maximum 3MB.

Participants age proof

Browse... No file selected.

Supported File Formate [jpg/ pdf]

Upload File Size Maximum 3MB.

How did you know about event*


Select

ज) अपना निबंध अपलोड करें। निबंध अपलोड के तहत ब्राउज़ विकल्प पर क्लिक करें। आपने निबंध की जिस फ़ाइल को पहले सेव किया था, उसे चुनें। सुनिश्चित करें कि फ़ाइल का साइज़ 3 Mb से कम है।

झ) अपना आयु प्रमाण-पत्र अपलोड करें। आयु प्रमाण-पत्र के तहत ब्राउज़ विकल्प पर क्लिक करें। आपने आयु प्रमाण पत्र की जिस फ़ाइल को पहले सेव किया था, उसे चुनें। सुनिश्चित करें कि फ़ाइल का साइज़ 1 Mb से कम है।

ञ) "आपको इस कार्यक्रम के बारे में कैसे पता चला," इसके लिए दिए गए विकल्पों में उपयुक्त विकल्प चुनें।

ट) माता-पिता की अनुमति एवं अन्य कथनों को पढ़ने के बाद चिन्हित करें।


☐ I am 16 years or older or I have parental consent to submit my information for the essay event.*

☐ Through the submission of this Essay, the author grants and assigns all proprietary rights (including copy-rights) to Shri Ram Chandra Mission. The assignment shall be deemed to be royalty-free, perpetual, worldwide and irrevocable. Shri Ram Chandra Mission may sublicense its rights through multiple tiers of sublicenses and may use, reproduce, create derivative works from, modify, publish, edit, translate, distribute, perform and display the communication or content in any media or medium, or any form, format or forum now known or hereafter developed.*

☐ I hereby declare that I am the sole person who has written this essay. As I am permitted to quote from literature and research on the topic, I have given due credit to the ideas obtained from others or from any reference material.*

☐ I agree to Terms of Use and Privacy & Cookie Policy of Shri Ram Chandra Mission.*

☐ In case I am selected for an award I undertake to provide the proof of my age within the stipulated time I understand that if I fail to do so I will not be eligible to receive the award.*

I hereby confirm, all the entries made in the above form are correct.* ☐ Yes

SUBMIT

No changes will be entertained after submission

ठ) फ़ाइल देखकर अपलोड किए गए निबंध के डॉक्यूमेंट की पुष्टि करें।

**ड)** जो जानकारी आपने भरी है, उसे एक बार जाँच लें। सुनिश्चित करें कि सभी जानकारियाँ सही हैं। **निबंध जमा करने के बाद किसी भी बदलाव को स्वीकार नहीं किया जाएगा।**

ढ) "सबमिट" बटन पर क्लिक करें।

ण) आपके स्क्रीन पर सफलतापूर्वक निबंध जमा होने के सन्देश के साथ आपका एनरोलमेंट नंबर दिखाई देगा अपना एनरोलमेंट नंबर नोट कर लें।

त) जमा होने पर प्रतिभागी के ईमेल आई.डी. पर पुष्टि करने के लिए एनरोलमेंट नंबर सहित ईमेल भेजी जाएगी। भविष्य में संदर्भ हेतु इस एनरोलमेंट नंबर को सेव कर लें।

किसी भी स्पष्टीकरण के लिए, आप हमें essayevent@heartfulness.org पर लिख सकते हैं।